सोमवार
22 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बक्सर में सड़क हादसे में आरा के प्राइवेट कैशियर की मौत, पत्नी जख्मी 2



## खबरें फटाफट

### बम ब्लास्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में साल 2013 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के दौरान हुए बम ब्लास्ट मामले में मुजफ्फरपुर और दरभंगा पुलिस की संयुक्त छापेमारी में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के सिधौली गांव से शनिवार की रात बम ब्लास्ट के आरोपी मेहरे आलम को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई। आरोपी मेहरे आलम के पिता महमूद आलम ने बताया कि शनिवार की शाम पुलिस गिरफ्तार कर उसे ले गई।

### कुख्यात नक्सली दिनेश गोप गिरफ्तार

**रांची।** एनआईए ने देश के सबसे कुख्यात नक्सली लीडर दिनेश गोप को गिरफ्तार किया है। गोप पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया का हेड है। उसके ऊपर झारखंड में 25 लाख रुपये और 5 लाख का इनाम एनआईए ने रखा हुआ है। भारत की एजेंसियों, पुलिस और सीआरपीएफ को पिछले 15 सालों से नक्सली लीडर दिनेश गोप की तलाश थी। दिनेश झारखंड में कई सालों से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था। इस कुख्यात नक्सली पर 100 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एजेंसी गोप से पूछताछ कर रही है। दिनेश गोप के कई साथी अब तक फरार हैं। झारखंड में खूंटी जिले के रहने वाले दिनेश गोप उर्फ कुलदीप यादव उर्फ बडकू के खिलाफ पहले एनआईए ने बैन की गई 25.38 लाख रुपये की बरामदगी से संबंधित मामले में चार्जशीट दाखिल की थी।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुमो ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कसा तंज

# सीएम को नोट बदली के ताजा फैसले का समर्थन करना चाहिए: सुशील मोदी

- बोले: अमेरिका-यूरोप जैसी किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था में 100 से बड़े अंक की मुद्रा नहीं चलती
- 2016 की नोट बंदी के बाद तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए दो हजार रुपये के नोट जारी किये गए
- 30 सितंबर तक 2,000 रुपये के नोट बने रहेंगे वैध मुद्रा

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि 2000 रुपये के नोट का चलन बंद करने का केंद्र सरकार का निर्णय कालाधन और टेरर-फंडिंग पर दूसरा सर्जिकल स्ट्राइक है। वर्ष 2016 में जब हजार-पांच सौ के नोट बंद किए गए थे, तब विपक्ष में रहते हुए नीतीश कुमार ने इस कदम का समर्थन किया था। आगे नीतीश कुमार तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार ने भ्रष्टाचार और कालेधन से समझौता नहीं किया हो, तो उन्हें नोट बदली के ताजा फैसले का भी समर्थन करना चाहिए। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि अमेरिका-यूरोप जैसी किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था में 100 से बड़े अंक की मुद्रा नहीं चलती। उन्होंने कहा कि 2016 की नोट बंदी के बाद तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए दो हजार रुपये के नोट जारी किये गए थे। लोग पहले ही सामान्य लेन-देन में दो हजार रुपये की बड़ी मुद्रा से बचते थे। इसे वापस लेने की बैंकिंग प्रक्रिया भी चल रही थी, इसलिए नोट-बदली से जनता को कोई कठिनाई नहीं होगी।



### आरबीआई ने लिया है यह फैसला

बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2,000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने की शुक्रवार को घोषणा की। हालांकि इस मूल्य के नोट बैंकों में जाकर 30 सितंबर तक जमा या बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि अभी चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बने रहेंगे। उसके बाद दो हजार रुपए के नोट का चलन पूरे देश में बंद हो जाएगा। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों से 2,000 रुपये का नोट देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को कहा है। उसने बैंकों से 30 सितंबर तक ये नोट जमा करने एवं बदलने की सुविधा देने को कहा है। उपभोक्ता बैंक शाखाओं में जाकर 23 मई से 2,000 रुपये के नोट बदलने एवं जमा करने का काम कर सकेंगे। हालांकि एक बार में सिर्फ 2,000 रुपये मूल्य के नोट ही बदले जाएंगे।

## बिहार में बीजेपी अभी भी नेता खोज ही रही है- प्रशांत किशोर



पटना। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पटना में हुई बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पर कहा कि बीजेपी बिहार में आज कुछ नहीं है। आज बीजेपी की हालत ऐसी है कि बीजेपी की कमान बिहार में ऐसे व्यक्ति के पास है जिनके पिता पहले लालू यादव के मंत्री थे, फिर वो नीतीश के मंत्री हुए, उसके बाद वह मांझी के मंत्री हुए और आज कल उनका बेटा बीजेपी का उद्धार करने निकला है। 30 सालों में बिहार में जितने लोग एमएलए और एमपी बने हैं, चाहे वह जिस भी दल से बने हो वो पूरे बिहार में कुल 1200 से 1500 परिवार के लोगों के यहां से ही बने हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी को बिहार में कोई नया आदमी नहीं मिल रहा है, उनको भी वही व्यक्ति मिला है जिनके बाप-दादा पहले किसी और दल में थे, बिहार में बीजेपी अभी भी नेता खोज ही रही है। कोई नेता उनको यहां मिल जाएं जिसके नाम पर बिहार में चुनाव लड़ा जा सके, इसी के फिराक में रहते हैं। प्रधानमंत्री के चेहरे पर जो वोट मिलता है बस वही वोट बीजेपी को मिल रहा है। बिहार में बीजेपी के किसी नेता के नाम पर पांच वोट भी नहीं है। बिहार में जिस दल की हवा उड़ती है, सब नेता उसी में आ जाते हैं। बीजेपी को बिहार में आज जो भी वोट मिलते हैं, वो मोदी के चेहरे के नाम पर, हिंदुत्व के नाम पर, राम मंदिर के नाम पर और हिंदू-मुस्लमान के नाम पर मिलता है।

## पीएम बताएं 54 हजार करोड़ रुपये कहां गायब: पप्पू



**पटना।** 'जाप' प्रमुख पप्पू यादव रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान 2000 रुपये के नोटबंदी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि क्या नरेंद्र मोदी के तानाशाही से देश चलेगा? 2024 में चुनाव को लेकर किया है। पहले भी बड़े बड़े अर्थशास्त्रियों ने नोटबंदी को गलत फैसला बताया था। बीजेपी की सरकार से जानना चाहेंगे कि 54 हजार करोड़ रुपये कहां गायब है? अडाणी जैसे लोगों के काले धन को सफेद करने का काम कर रहे हैं। इस देश को पूंजीपतियों के हाथों में गिरवी रखने का काम हो रहा है।

पप्पू यादव ने कहा कि देश पीएम मोदी से जानना चाहता है ब्लैक मनी कब आएगा? नोटबंदी के बाद देश मे बेरोजगारी और गरीबी क्यों बढ़ गई? आपने कितने लोगों को फायदा दिया है। 61.21 करोड़ जाली नोट गायब है, अपने विरोधियों पर हमला करने के लिए गायब किया है। इनको क्या जरूरत हुई 2000 रुपये के नोट बंद करने की। मीडिया झूठ में भी पीएम मोदी को सपोर्ट करता है। 2000 के नोट में चिप का क्या हुआ? क्या उसे रिसेट करना है।

## गूगल अपनी ताकतों का कर रहा गलत इस्तेमाल, लग सकता है जुर्माना







- गूगल के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बना रही है भारत सरकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत सरकार गूगल के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बना रही है। रॉयटर्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक एक शीर्ष आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस बात की जानकारी दी। राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक 'पिछले साल एक एंटीट्रस्ट वॉचडॉग ने पाया कि गूगल अपनी ताकतों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अक्टूबर में दो मामलों में अल्फाबेट इंक की कंपनी गूगल पर 275 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया था। मामला ऑनलाइन सर्च और एंड्रॉइड ऐप स्टोर जैसे बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाने का था। सीसीआई ने गूगल से प्री-इंस्टॉलिंग ऐप्स से संबंधित स्मार्टफोन निमार्ताओं पर लगाए गए प्रतिबंधों को बदलने के लिए भी कहा था।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब गूगल को दुनिया भर में एंटीट्रस्ट जांच का सामना करना पड़ रहा है। पिछले महीने एक यूरोपीय अदालत ने 2018 के एक फैसले को बरकरार रखते हुए गूगल को बड़ा झटका दिया था। यूरोपीय अदालत नें कहा था 'कंपनी ने एंड्रॉइड मोबाइल उपकरणों के निमार्ताओं पर गैरकानूनी प्रतिबंध' लगाए। रॉयटर्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक गूगल ने अदालत के इस फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बनाई है। अदालत के फैसले के बाद गूगल को 410 करोड़ का जुमार्ना झेलना पड़ रहा है।

**सरकार गूगल के खिलाफ कार्रवाई करेगी:** सूचना प्रौद्योगिकी के मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में बताया कि इस तरह के मामले बेहद गंभीर हैं। ये मामले सरकार को गहरी चिंता में डालते हैं। सरकार गूगल के खिलाफ कार्रवाई करेगी। चंद्रशेखर ने कहा, 'मंत्रालय आने वाले हफ्तों में कार्रवाई करेगा। हम पीछे नहीं हटेंगे मंत्री ने यह बताने से इनकार कर दिया कि सरकार किस तरह की नीति अपनाएगी, या किस तरह की कार्रवाई कर सकती है। राजीव चंद्रशेखर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन में सर्वोच्च रैंकिंग अधिकारियों में से एक हैं। रॉयटर्स के मुताबिक उन्होंने इस मामले पर गूगल से किसी भी तरह की कोई बातचीत करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने इसे अदालत का मैटर बताया।

## राज्यपाल को यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर नहीं देती है सरकार, छुआछूत की भावना रखते हैं सीएम: संजय

**केटी न्यूज/पटना**

सांसद सह पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने मोतिहारी में रविवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की नीचता की हद पार हो रही है। बिहार सरकार अनुसूचित जाति के नेता या राज्यपाल जैसे लोगों को हीन दृष्टि से देखती है। बिहार के राज्यपाल को वाल्मीकिनगर यात्रा के दौरान बेतिया में उनका स्वागत किया। राज्यपाल से पूछा कि हेलीकॉप्टर से क्यों नहीं गए तो राज्यपाल का जवाब सहज मिला, लेकिन जवाब सुन दुख हुआ।

राज्यपाल की यात्रा करने के लिए बिहार सरकार हेलीकॉप्टर नहीं देती है। संजय जायसवाल ने कहा कि



बिहार के राज्यपाल से नीतीश कुमार छुआछूत की भावना रखते हैं इसलिए हेलीकॉप्टर चढ़ने के लिए नहीं देते हैं, उनको ये लगता है कि राज्यपाल के हेलीकॉप्टर पर चढ़ने से अपवित्र हो जाएगा, वे हद से ज्यादा नीचता पर उतर गए हैं। नीतीश कुमार ये भी चाहते हैं कि राज्यपाल भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में जाने के बजाए सिर्फ कमरे में बंद रहकर दस्तखद करें। महामहिम राज्यपाल महोदय से बिहार के नागरिक होने के नाते मैं क्षमा प्रार्थी हूं कि वर्तमान बिहार सरकार को अनुसूचित जाति से इतनी घृणा है कि अगर उस समाज का व्यक्ति बिहार का राज्यपाल भी हो जाए तो भी उसे हेलीकॉप्टर पर बैठने का हक नहीं है।

**अगले वर्ष वनवास पर जाएंगे नीतीश कुमार :** सीएम नीतीश कुमार के देश भ्रमण पर भी बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि उनको अगले वर्ष वनवास होना है इसलिए वे वनवास जाने से पहले देश भ्रमण कर रहे हैं। वनवास जाने के बाद नीतीश कुमार और शिवानंद तिवारी कुटिया बनाकर आरजेडी ने कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे।

## गया बीएमपी-3 कैंप मुख्यालय में जवान को मारी गोली, मौत

**गया।** बोधगया रोड स्थित बीएमपी तीन कैंप मुख्यालय में आज रविवार को बीएमपी तीन के जवान किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। बात बिगड़ गई और एक जवान ने अपने एसएलआर राइफल निकालकर दूसरे को गोली मार दी। घटना के बाद अस्पताल ले जाने के क्रम में बीएमपी तीन के जवान सोनू कुमार की मौत हो गई। मृतक जवान सोनू कुमार गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा मोहल्ले का रहने वाला था। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि जवान सोनू कुमार और राहुल कुमार दोनों आपस में दोस्त थे। सोनू ने सितंबर 2022 में बीएमपी तीन ज्वाइन किया था। गया के बीएमपी तीन में प्रशिक्षण ले रहा था। सोनू के दोस्त राहुल कुमार ने ही एसएलआर राइफल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। राहुल कुमार लखीसराय जिले का रहने वाला है। राहुल को पुलिस ने हिरासत में लेकर बोधगया थाना में पूछताछ कर रही है।

सोनू के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि उसे बीएमपी कैंप मुख्यालय द्वारा भाई को गोली लगने की सूचना मिली। बीएमपी तीन पर आरोप लगाया कि गोली लगने के 30 मिनट बाद तक सोनू को कैंप में ही रखा गया। समय रहते अगर अस्पताल भेज दिया गया होता तो सोनू की जान बच गई होती। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में विधि व्यवस्था डीएसपी खुर्शीद आलम और मगध मेडिकल थाना पुलिस जवान पहुंचे।

## संसद भवन का उद्घाटन पीएम से कराए जाने को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया गलत

# नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति जी को ही करना चाहिए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद भवन का उद्घाटन पीएम से कराए जाने को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गलत बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति जी को ही करना चाहिए, प्रधानमंत्री को नहीं। बता दें, 28 मई को नवनिर्मित संसद का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होना है। संसद भवन का निर्माण पूरा होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनसे उद्घाटन का आग्रह किया था। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार (18 मई) को यह जानकारी दी।



राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि संसद भवन बनाने का पूरा प्रयास नरेंद्र मोदी जी का है। नरेंद्र मोदी के कोई अच्छे काम राहुल गांधी को नहीं दिखते हैं। इसके पहले कांग्रेस ने संसद भवन के उद्घाटन की तारीख सामने आने पर सवाल उठाया था। दरअसल, 28 मई को विनायक दामोदर सावरकर का जन्मदिन है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि इस दिन को चुनना महज संयोग है या फिर रणनीति के तहत यह किया जा रहा है। कांग्रेस ने नए संसद भवन को पीएम मोदी के 'व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा वाली परियोजना' बताते हुए इसकी जरूरत पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने कहा था, ऐसी इमारत की क्या जरूरत है जब विपक्ष की आवाज बंद कर दी गई है।

### नए संसद भवन में क्या है ?

नई संसद की लोकसभा में 888 सदस्यों और राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान के संसद भवन में लोकसभा में 550 जबकि राज्यसभा में 250 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। संसद की नई इमारत सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसके तहत नई दिल्ली स्थित देश के पॉवर सेंटर का नवीनीकरण किया जा रहा है। इसके तहत केंद्रीय लोक निर्माण विभाग राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर की सड़क का नवीनीकरण, एक सामान्य केंद्रीय सचिवालय का निर्माण, प्रधानमंत्री का एक नया कार्यालय और आवास, और एक नया उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का निर्माण कर रहा है।



# मरीजों की संख्या के आधार पर और रैंडम तरीके से गांवों में होगा नाइट ब्लड सर्वे

**केटी न्यूज/बक्सर**

- फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नाइट ब्लड सर्वे की भूमिका काफी अहम, बनाई जा रही है रणनीति
- 10 अगस्त से जिले में चलाया जाएगा एमडीए अभियान

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 अगस्त से एमडीए यानी सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। लेकिन, इससे पूर्व जिले में नाइट ब्लड सैंपल सर्वे किया जायेगा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नाइट ब्लड सर्वे की भूमिका काफी अहम है। इसके माध्यम से माइक्रो फाइलेरिया दर का पता लगाया जाएगा। जिन क्षेत्रों में माइक्रो फाइलेरिया दर एक से कम होता है। वहां सामूहिक दवा सेवन यानी एमडीए की जरूरत नहीं होती है। लोगों को फाइलेरिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे के दौरान रात में सैंपल लिए जायेंगे। फाइलेरिया रोग से ग्रसित मरीजों की खोज के लिए रात के समय में रक्त के नमूने एकत्र किए जायेंगे। जांच में पाजिटिव पाए जाने पर विभाग मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निःशुल्क इलाज किया जाएगा।



फाइलेरिया उन्मूलन में यह सबसे महत्वपूर्ण सूचकांक है। नाईट ब्लड सर्वे रात्रि के 8:30 से 12 के बीच में ही किया जा रहा है। इसके पीछे कारण यह है कि फाइलेरिया के परजीवी दिन के समय शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम में छिपे होते एवं रात के ही वक़्त परजीवी रक्त परिसंचरण में आते है। इसलिए नाईट ब्लड सर्वे रात में ही किया जाता है।

**एक सेंटिनेल और दूसरा रैंडम साइटः** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सभी प्रखंड में दो-दो साइट बनाए जायेंगे। एक सेंटिनेल और दूसरा रैंडम साइट। जहां पर फाइलेरिया के अधिक केस मिले हैं वहां पर सेंटिनेल साइट बनाए गए हैं। इसके अलावा वैसी जगहों पर भी साइट बनाए जायेंगे, जहां पर फाइलेरिया के कम मरीज मिले हैं। ऐसी जगहों पर रैंडम साइट बनाए गए हैं। नाइट ब्लड सर्वे के दौरान एक साइट पर 20 वर्ष से अधिक उम्र के 300 लोगों की जांच की जाएगी। इसकी सफलता के लिए गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

**फाइलेरिया के परजीवी रात में ही होते हैं सक्रियः** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, नाइट ब्लड सर्वे के तहत फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रात में लोगों के रक्त के नमूने लिये जाते हैं। इसे प्रयोगशाला भेजा जाता है और रक्त में फाइलेरिया के परजीवी की मौजूदगी का पता लगाया जाता है। फाइलेरिया का परजीवी रात में ही सक्रिय होते हैं, इसलिए नाइट ब्लड सर्वे से सही रिपोर्ट पता चल पाता। इससे फाइलेरिया के संभावित मरीज का समुचित इलाज किया जाता है।

## पिकअप की चपेट में आने से नाच देख रहे बच्चे की मौत



**आरा।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के कोरनडिहरी गांव में शनिवार की रात डीजे लदे पिकअप की चपेट में आने से नाच देख रहे एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। मृत बच्चा कोरनडिहरी गांव निवासी अरुण पासवान का 10 वर्षीय पुत्र राजा कुमार था।वह तीसरी कक्षा का छात्र था। घटना को लेकर लोगों में अफरातफरी मच गई। शादी का माहौल गम में बदल गया।बच्चे के परिजन राम शुभग पासवान ने बताया कि गांव के कामता पासवान की बेटी कविता कुमारी का शनिवार की रात बारात आयी थी। नाच भी आयी थी। देर रात घर के लोग बारातियों को नाश्ता-पानी करा रहे थे।तभी अरुण पासवान नाच देखने के लिए डीजे लदे पिकअप के पीछे जाकर खड़ा हो गया।तभी चालक पिकअप को बैक करने लगा। उस कारण पीछे खड़ा राजा पिकअप की चपेट में आ गया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां अनीता देवी, भाई सत्यम कुमार और लक्की कुमार है।

### कोरानसराय के समीप अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, पुलिस ने कराया प्राथमिक उपचार

# दुर्घटना : बक्सर में सड़क हादसे में निजी कंपनी के कैशियर की मौत, पत्नी जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

बक्सर में कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोरानसराय गांव के समीप रविवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। मृत युवक आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव निवासी लालबाबू पासवान का 29 वर्षीय बेटा मंजी पासवान था। जो पेशे से महाराष्ट्र में स्थित निजी कंपनी में कैशियर था। उसकी जख्मी पत्नी का नाम लीलावती देवी बताया जा रहा है। जिसका इलाज आरा के एक निजी हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। युवक के पिता लालबाबू पासवान ने बताया कि वह शनिवार को ही मुंबई से गांव आया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम वह अपनी पत्नी लीलावती देवी के साथ बाइक से अपने साढु चितरंजन पासवान की बेटी दुर्गा कुमारी के शादी में शामिल होने बक्सर के नावानगर गया था। रविवार की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ वापस बाइक से घर लौट रहा था। उसी दौरान कोरानसराय गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए डुमरांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां डाक्टरों ने उनके बेटे को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर आरा सदर अस्पताल में तैनात एएसआई संतोष कुमार सिंह पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि युवक अपने चार बहन और दो भाई में सबसे बड़े थे। उसके परिवार में पत्नी लीलावती देवी, पुत्री सलोनी, शालिनी, आराध्या, पुत्र अभिषेक और आर्यन है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है?। पत्नी लीलावती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



- नावानगर में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था घर
- जख्मी पत्नी का आरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज



## मौसी के तिलक में जा रही बच्ची की हादसे में मौत, तीन जख्मी

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात बेलगाम ट्रक ने दो बाइक सवार चार लोगों को कुचल दिया। उसमें एक बाइक पर सवार एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। सभी तिलक में भाग लेने पटना से बड़हरा इलाके में जा रहे थे। मृत बच्ची पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के हुलासी टोला गांव निवासी कुणाल राय की 11 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी थी। घायलों में बिहटा थाना क्षेत्र के पथलौटिया गांव निवासी लखन देव राय के 17 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार, चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी संतोष कुमार के 21 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार और उदवंतनगर गांव निवासी स्व.देव कुंवर के 55 वर्षीय पुत्र बहीर मुहर शामिल हैं।

उपेंद्र कुमार मृत बच्ची के मामा हैं। बड़हरा थाना के एसआई रितेश दुबे द्वारा घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। किशोरी के नाना लखन देव राय ने बताया कि उनकी बेटी चंदा का तिलक बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगावां गांव जा रहा था। उसी तिलक में शामिल होने के लिए उनके पुत्र उपेंद्र कुमार अपनी भांजी सहित अन्य लोगों के साथ दो बाइक से बिंदगांवा जा रहे थे। एक बाइक पर उपेंद्र कुमार और उनकी भांजी, जबकि दूसरे पर पंकज कुमार और बहीर मुसहर सवार थे। बबुरा पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आ रही बेलगाम ट्रक ने दोनों की बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें उपेंद्र कुमार की बाइक पर बैठी उसकी भांजी आरती कुमारी की मौत हो गयी। वहीं बाइक चला रहा उपेंद्र और दूसरी बाइक पर सवार बहीर मुसहर एवं पंकज कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।



## मोबाइल चुराने वाली पांच शातिर महिलाएं अरेस्ट, 11 फोन बरामद

**जहानाबाद।** रेलवे पुलिस ने ट्रेनों में बच्चों की मदद से यात्रियों का मोबाइल चुराने वाली पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सभी एक ही गिरोह की सदस्य हैं और पश्चिम बंगाल के अलग-अलग जिले की रहने वाली हैं। आरोपित महिलाएं पटना-गया मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों में वारदात को अंजाम देती थीं। शक ना हो इसके लिए वे नौ से 12 वर्ष के बच्चों को अपने साथ रखती। आरोपितों के पास से चोरी के 11 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरोह की अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी में जुट गई है। रेल पुलिस अधीक्षक अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि पटना-गया रेल खंड पर ट्रेनों में आए दिन मोबाइल चोरी की घटनाओं के मद्देनजर रेल पुलिस उपाधीक्षक, गया को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। रेल पुलिस की टीम ने 17 मई को जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-एक पर आई पेसेंजर ट्रेन में छानबीन शुरू की। इसी दौरान बच्चे के साथ महिला चोर सोमारी सिंह को पकड़ा गया। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल की पुरुलिया की रहने वाली है। तलाशी में उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन मिले।

पूछताछ में आरोपित महिलाओं ने बताया कि गिरोह की अन्य महिला सदस्य चाकंद रेलवे स्टेशन के समीप रहती हैं। इसके बाद चार अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से नौ और मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार अन्य महिलाओं की पहचान पुरुलिया निवासी मीरा सिंह, राधा सिंह, आसनसोल की सावित्री देवी और वर्द्धमान निवासी जमुना सिंह के रूप में हुई।

# पूर्व के जमीन विवाद में गला दबा विवाहिता की हत्या, मृतका के जेठ सहित दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में पूर्व के जमीन के विवाद में शनिवार की देर रात गला दबाकर एक महिला की हत्या कर दी गयी। मृतका सेमरा गांव निवासी विजेन्द्र राय की पत्नी बुच्ची देवी थी। हत्या का आरोप महिला के जेठ और उसके बेटों पर लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। महिला के पति बिजेन्द्र राय ने बताया कि वर्ष 2010 से ही जमीन को लेकर बड़े भाई से विवाद चला रहा है। उस समय भी उन लोगों द्वारा उसे धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया गया था। उसके बाद उसके द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। उसमें आरोपित जेल भी गया था। इसके कुछ दिन बाद वह बेल पर वापस आ गया था।



शनिवार की रात में बिजेन्द्र गांव में ही एक विवाह में गया था। देर रात वह घर पहुंचा तो देखा कि उसकी पत्नी मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। जिसके पश्चात उसने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बिजेंदर राय ने अपने बड़े भाई मुद्रिका राय और मुन्ना राय पर अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके बड़े भाई मुद्रिका राय और मुन्ना राय को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, पुलिस ने भी गला दबाकर महिला की हत्या करने की आशंका जताई। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश ने बताया कि महिला के पति बिजेंदर राय के बयान पर उसके बड़े भाई मुद्रिका राय, उसके बेटे मुन्ना राय सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये मुंद्रिका राय एवं मुन्ना राय को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्राकृतिक संसाधानों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए जरूर है परिवार नियोजन

# लक्ष्य : जनसंख्या स्थिरीकरण में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाना है जरूरी

**केटी न्यूज/आरा**

प्रकृति ने हम सभी को सिमित संसाधन ही उपलब्ध कराया है। ऐसे में अनियंत्रित जनसंख्या बढ़ोत्तरी के कारण उन सभी सिमित संसाधानों का तेजी से उपभोग हो रहा है, जिसके कारण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत कम ही प्राकृतिक संसाधन बच पाएंगे। ऐसे में जनसंख्या स्थिरीकरण ही हमारे पास एकमात्र विकल्प है। जिसके लिए भारत समेत पूरा विश्व अपने अपने देशों में लोगों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रहे हैं। जिला सहित पूरे राज्य में पुरुषों और महिलाओं को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि, वे परिवार नियोजन के स्थायी साधनों का प्रयोग कर जनसंख्या को नियंत्रित करने में सरकार की




मदद करें। इसके लिए महिलाओं का बंध्याकरण करने और पुरुषों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं कह भूमिका तो ठीक है, लेकिन पुरुषों की भागीदारी बेहद चिंताजनक है।

**स्थायी साधनों को अपनाने के लिए पुरुषों को होना होगा जागरूक :** परिवार नियोजन के स्थायी साधनों को अपनाने की दिशा में महिलाओं ने शुरूआत से ही पुरुषों को पीछे छोड़ा है। हालांकि, इसको लेकर पुरुषों में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं, जिसके कारण वो नियोजन के स्थायी साधनों के प्रति उदासीन रहते हैं। पुरुषों में जो सबसे अधिक भ्रांतियां है वो यह है कि नसबंदी के बाद उनकी यौन क्रिया पर उसका प्रभाव पड़ेगा। जो बिल्कुल गलत है। पुरुष नसबंदी जन्म दर को रोकने का एक स्थायी, प्रभावी और सुविधाजनक उपाय है। यह यौन जीवन को बेहतर बनाता है और सेक्स के दौरान गर्भ ठहरने की चिंता को दूर करता है। नसबंदी कराने के बाद पुरुषों की यौन क्षमता और यौन क्रिया पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

### नियोजन के स्थायी साधनों को अपनाएं

- पुरुषत्व का क्षय होता है।
- दम्पति जब भी चाहे इसे अपना सकते हैं
- पुरुष ऑपरेशन के आधे घंटे के बाद घर जा सकते हैं।
- रोज के काम काज पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता है।
- पुरुष नसबंदी के बाद शरीर में कोई भी बदलाव नहीं होता है।
- पुरुषों को नसबंदी कराने के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को भी ज्यादा रखा गया है। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए दिया जाता है। जबकि महिला नसबंदी के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए दिया जाता है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रही: जिलाध्यक्ष

**अरवल।** बैदराबाद स्थित स्थानीय जिला कार्यालय में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मंच संचालन माधव शर्मा ने किया। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शीला प्रजापति शामिल हुई वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक मनोज शर्मा शामिल हुए। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रही है। इस दौरान केंद्र सरकार की सबका साथ-सबका विकास की भावना से जो जनहित के काम किए हैं, उन्हें प्रदेश संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा बूथ सशक्तीकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि और बूथ विजय संकल्प अभियान को लेकर समीक्षा की जायेगी। वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता मजबूती के साथ एकजुट होकर पार्टी के हर एक कार्यक्रम को बूथ स्तर तक पहुंचा कर कार्यक्रम को धरातल पर उतारने के लिए एकजुट रहें क्योंकि आगामी लोकसभा चुनावों में फिर से एक बार देश के प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 30 मई को देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने 9 वर्ष पूर्ण कर रही है इस अवसर पर विशेष जनसंपर्क अभियान एवं विभिन्न कार्यक्रम 30 मई से 30 जून तक भाजपा संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम सभी जिला, मण्डल, शक्ति एवं बूथ पर आयोजित किए जायेंगे तथा विशेष जनसमपर्क अभियान लोकसभा क्षेत्र में चलाया जाएगा। मौके पर सीडी शर्मा, सत्येंद्र राय, रामसुंदर शर्मा, रामविनय शर्मा, अजय पासवान, आनन्द चंद्रवंशी, भास्कर कुमार, संजीव कुमार, शशि भूषण भट्ट, सहित कई नेता शामिल थे।



### प्रखंड स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

**अरवल।** भीमराव अंबेडकर वाचनालय अरवल में प्रखंड स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा राष्ट्रीय जनता दल अरवल के प्रखंड अध्यक्ष अभय यादव के अध्यक्षता में किया गया। इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में मखदुमपुर विधायक सतीश दास मौजूद थे सतीश दास ने अपने संबोधन में कहा कि देश संविधान से चलेगी,केंद्र में बैठी सरकार धर्म के नाम राजनीत करना चाहती है। देश के सरकार आर एस एस के इशारे पर मनुसमृति से देश चलाना चाहती। धर्म के नाम पर आपसी भाईचारा को खत्म करना चाहती है और लोकतंत्र को हत्या करना चाहती। प्रखंड स्तरीय परिचर्चा खत्म होने के बाद राजद हरेक पंचायत में अम्बेडकर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक को जगजीवन राम,रामईश्वर चौधरी, शभु यादव,प्रवीण कुमार यादव,उमेश पासवान,विनोद राय, रामबाबू, चौधरी, लगंनदेव चंद्रवंशी, नरेश यादव, धोनी रविन्द्र कनॉजिया, घनश्याम वर्मा, श्यामा एवं अनेकों साथी लोगों ने संबोधित किया।



### गायत्री परिवार ने अभियान के तहत किया पौधरोपण

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 103 वां रविवासरीय साप्ताहिक पौधारोपण का कार्यक्रम काको प्रखंड अंतर्गत भेलावर थाना के समीप स्थित भेलावर सूर्य मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ किया गया। जिसमें सबसे पहले गायत्री मंत्र का विधिवत उच्चारण किया गया। उसके बाद पौधों का पूजन किया गया। जिसके बाद विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया।इस मौके पर अपने जन्म दिवस के अवसर पर जनमानस हेतु हितकारी वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए एहतेशाम अहमद ने कहा कि आज जहां लोग अपने जीवन में व्यस्तता एवं स्वार्थ में पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में गायत्री परिवार के परिजन अपने अनमोल समय को परहित के लिए निकालकर पौधरोपण का कार्य करते हैं। यह अभियान सामाजिक संगठनों के लिए एवं जिले वासियों के लिए अनुकरणीय है। लोगों को इस परहित उपकार की भावना को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा लेनी चाहिए एवं हो सके तो प्रत्येक व्यक्ति को इस वृक्षारोपण अभियान से जुड़ना चाहिए ताकि हमारा जिला हरा-भरा हो सके एवं हम अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकें। मौके पर जहानाबाद युवा प्रकोष्ठ वृक्षारोपण प्रभारी रंगेश कुमार, भेलावर थाना प्रभारी अविनाश कुमार, स्थानीय जन प्रतिनिधि दीपक कुमार,मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार,शिवा केशरी, भारती जी, रंगनाथ शर्मा, नीतीश कुमार, राम विनय पंडित, पप्पू कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



### कलेर में एक करोड़ की शराब बरामद, चालक एवं उप चालक गिरफ्तार

**अरवल।** एसपी मोहम्मद कासिम के निर्देश पर कलेरथाने की पुलिस ने भुसी में छिपाकर ले जा रही एक ट्रक से एक करोड़ की अंग्रेजी शराब के खेप बरामद की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि थानाध्यक्ष संजीत सिंह, सहायक थानाध्यक्ष शमशेर आलम द्वारा एनएच139 नंदिनी होटल के समीप वाहन जांच किया जा रहा था। तभी औरंगाबाद के तरफ से चल कर आ रही एक ट्रक को रोक कर तलाशी ली जा रही थी। तभी चालक कूदकर फरार हो गया। तत्पश्चात गाड़ी को जब्त कर थाना परिसर लाई गई तो गाड़ी के ऊपरी हिस्से में भुसी लोड था और अंदर में भारी मात्रा में शराब की पेटियां दिखाई दिया। शराब की गिनती की गई तो 773 कार्टून में 23004 बोतल थे। जिसमें अलग-अलग कंपनी के 6849 लीटर अंग्रेजी शराब पाया गया है। इधर वैज्ञानिक अनुसाधन से थाना के सहयोग से एक घंटा के अंदर फरार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चालक शंभूलाल नायक जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान एवं उप चालक केशी लाल मीणा जिला उदयपुर राजस्थान का रहने वाला बताया जाता है। गिरफ्तार चालक एवं उप चालक के खिलाफ शराब अधिनियम का मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि शराब पकड़ने वाले कलेर थानाध्यक्ष संजीत सिंह, सहायक थाना अध्यक्ष शमशेर आलम, प्रकाश कुमार सहित इसमें शामिल पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। फिलहाल पुलिस जीपीएस के आधार पर असली शराब माफिया तक पहुंचने तक करवाई कर रही है।



## खबरें फटाफट

### बंद कमरे का ताला तोड़ कीमती सामानों की चोरी

**डुमरांव।** थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला मोहल्ले में बंद कमरे का ताला तोड़ कीमती सामानों की चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में डुमरेजनी रोड निवासी ललन लाल की पत्नी निर्मला देवी ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर चोरी होने की जानकारी स्थानीय थाने को दी है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरी बहू करीब एक माह पहले अपने मायके गयी है। उसके कमरे का ताला तोड़ पर्स में रखे गये पांच हजार नगद, सोने की नथुनी, चांदी का पायल, मोबाइल के अलावे कीमती कपड़े गायब है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। जल्द ही मामले में गिरफ्तारी की जाएगी।

### आज से दो दिवसीय दिव्यांगता शिविर का आयोजन

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के प्रांगण में सोमवार से दो दिवसीय दिव्यांगता शिविर का आयोजन हो रहा है। इस शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उनके नि:शक्तता की जांच विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा की जाएगी। बताते चलें कि डीएम बक्सर अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर विशेष आवश्यकता वाले उक्त सभी बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रखंड वार शिविर का आयोजन कर निर्गत किया जाना है। चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच के बाद दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाना है। प्रमाण पत्र के साथ साथ दिव्यांगता का यूडी आईडी कार्ड भी जारी किया जाएगा। इस शिविर के आयोजन को लेकर स्वास्थ विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आयोजन से क्षेत्र के दिव्यांगों व उनके परिजनों में खुशी व्याप्त है।

# किंगमेकर की भूमिका निभा रहे कई दिग्गज, चहेतों के जीत का कर रहे दावा

- बरसाती मेढ़क की तरह निकलने लगे है वोटों के सौदागर, प्रत्याशियों का कर रहे है शोषण

**केटी न्यूज/डुमरांव**




आरक्षण रोस्टर जारी होने के बाद से नगर परिषद के राजनीति की दिश बदल गई है। पहले जो खुद किंग थे या किंग बनने की चाहत पाल रखे थे वे अब किंग मेकर की भूमिका में आ गए हैं। इसके अलावे वोटों के सौदागर भी बरसाती मेढ़क की तरह उभर आए है, जो प्रत्याशियों को जीत तथा वोटों का सब्ज बाग दिखा जमकर शोषण कर रहे है। बता दें कि इस बार डुमरांव नगर परिषद के चेयरमैन अतिपिछड़ा वर्ग की महिला व उप चेयरमैन का पद अतिपिछड़ा वर्ग अन्य के लिए आरक्षित हो गया है। जिस कारण नगर परिषद के राजनीति की रोटी सेंकने वाले कई शुरमा इस बार सीधे चुनाव लड़ने से वंचित हो गए है। लेकिन इस स्थिति को भी वे अवसर के रूप में भुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। जाहिर है खुद किंग नहीं बन सके तो किंग मेकर की भूमिका में अपने चहेतों को जीताने का दावा कर रहे हैं। चेयर मैन व उपचेयर मैन के साथ ही अधिकांश वार्डों में भी आरक्षण रोस्टर के खेल में शुरमाओं का चुनाव लड़ने का गणित फेल हो गया है। लेकिन हर हाल में वे नगर परिषद की राजनीति में अपनी सक्रियता निभाना चाह रहे है। जिस कारण वे अब नयें भूमिका में नजर आ रहे है। जानकारों की मानें तो पूर्व के कई मुख्य व उप मुख्य पार्षदों के साथ ही नगर परिषद की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले इस बार आरक्षण रोस्टर में फेल होने के बाद अपने किंग मेकर की भूमिका से प्रत्याशियों को सब्जबाग दिखाते नजर आ रहे है। जानकार बताते है कि चुनाव की घोषणा के बाद से ही ऐसे लोग वोटों के सौदागर बन प्रत्याशियों के आस पास मंडराने लगे थे। कई तो प्रत्याशियों पर इतनी मजबूत पकड़ बना चुके है कि वे अपनी हर चुनावी गतिविधि इन्हीं के निर्देशन में कर रहे है। इस दौरान सौदागरों द्वारा प्रत्याशियों का आर्थिक शोषण करने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि आम जनता अभी अपना मुंह नहीं खोल रही हैं। जिस कारण ये कहना मुश्किल है कि उंट किस करवट बैठेगा। लेकिन वोटों के सौदागरों के दावें तथा हकीकत के बीच सिर्फ मतदाताओं को ही असलियत का पता है।

**जातीय समीकरण साधने का भी हो रहा है प्रयास :** नगर निकाय चुनाव में सक्रिय किंग मेकर खुद को अपने जाति का बड़ा नेता बता प्रत्याशियों को जातीय समीकरण साधने का लालच दे रहे हैं। अधिकांश ऐसे है जिनके साथ उनके चट्टे बट्टे भी रहते है तथा वे प्रत्याशियों के सामने यह साबित करने का प्रयास करते है कि इनसे बड़ा उक्त जाति या क्षेत्र विशेष में वोटों पर पकड़ रखने वाला कोई दूसरा नहीं है। जिनके झांसे में कई प्रत्याशी आ जा रहे है। नामांकन के साथ ही ऐसा देखने को मिल रहा है। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद ही उनके दावों की पोल खुल जाएगी। बहरहाल ऐसे लोगों का धंधा अभी परवान पर है।

## टेढ़की पुल के पास कार और टेंपो की टक्कर, दो हिस्सों में बंट गई थी टेंपो

# एनएच 120 पर सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, आधा दर्जन लोग हुए जखमी

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



महज सात आठ घंटे के अंतराल में एनएच 120 पर हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। जख्मियों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है। जिस कारण मृतकों की संख्या बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है। पहली घटना डुमरांव शहर से एक किलोमीटर दूर स्थित टेढ़की पुल के पास शनिवार की देर रात हुई। यहा टेंपो और ऑल्टो कार की सीधी टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि टेंपो में सवार चालक समेत चार अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों को पुलिस ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की टेंपो दो हिस्से में बंट गया जबकि कार के भी परखच्चे उड़ गए थे।

मृतक सोनू राय उम्र 45 वर्ष पिता स्व सूर्यनाथ राय सिमरी थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव का रहने वाला था। जबकि इसी गांव के गोपाल मिश्र, मोनू साह, आयुष गुप्ता और नितेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी है। सभी आटो पर सवार हो एक मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इस दुर्घटना के बाद दोनों वाहन बीच सड़क पर पलट गए थे। जिस कारण घंटों परिचालन बाधित रहा। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है। वहीं दूसरी घटना कोरान सराय थाना से मात्र 100 मीटर दूर दखिनांव डेरा के पास रविवार की सुबह सात बजे हुई।

- दुग्ध वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, इलाज के दौरान चालक की मौत

जानकारी के अनुसार एक दूध ढोने वाली वाहन ने बाइक में धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार दंपति जख्मी हो गए। स्थानीय पुलिस ने दोनों को तत्काल इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी 38 वर्षीय मुनजी पासवान के रूप में हुई है। जबकि उसकी पत्नी



लीलावती देवी को आंशिक चोटें आई है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने दूध ढोने वाले वाहन को जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कोरान सराय के प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### टेढ़की पुल के पास दो घंटे तक ठप था परिचालन

शनिवार की देर रात कार व आटो की टक्कर के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहन बीच सड़क पर ही पलट गए थे। बता दें कि दुर्घटना में आटो जहा दो टुकड़ों में बंट गया था वही आल्टो कार भी चकनाचूर हो गई थी। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों के बीच सड़क पर पलटने से इस पथ पर करीब दो घंटे तक परिचालन ठप रहा। बाद में पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद वाहनों तथा उसके टूटे पार्ट पूर्जे को हटाकर परिचालन बहाल कराया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सबसे अधिक परेशानी ट्रक जैसे भारी वाहनों के चालकों को हुई। हालांकि दुपहिया या छोटे वाहन दूसरे रास्ते से अपने गंतव्य को जा रहे थे।

### दुर्घटना का जोन बना टेढ़की पुल व दखिनांव डेरा

डुमरांव थाना क्षेत्र का टेढ़की पुल व कोरानसराय थाना क्षेत्र का दखिनांव डेरा गांव सड़क दुर्घटनाओं का जोन बन गया है। इन दोनों जगहों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है। अभी एक पखवाड़े पूर्व ही टेढ़की पुल के पास टेंपो पलटने से खलवा इनार के एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हाल के दिनों में यहा दर्जनों घटनाएं हो चुकी है। वही कोरान सराय का दखिनांव डेरा भी दुर्घटना का केन्द्र माना जाता है। जहा अबतक आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## एक नजर

### विवाह एक सुसंस्कृत संस्कार है, सनातन में समलैंगिक शादी स्वीकार्य नहीं : मंच



**बक्सर।** रविवार को हिंदू जागरण मंच की एक परिचर्चा बैठक नगर के बाईपास रोड स्थित गौरीशंकर आईटीआई परिसर में आयोजित हुई। इस बैठक में मंच के प्रदेश संयोजक जीवन कुमार के गया शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी होने पर खुशी जताई गई वही समलैंगिक शादी पर परिचर्चा आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यतीन्द्र कुमार चौबे की। इस परिचर्चा में हिन्दू जागरण मंच भोजपुर के कार्यकताओं ने भी जिला महामंत्री विशाल सिंह के नेतृत्व में भाग लिया था। आगत अतिथियों का स्वागत संयोजक उपेन्द्र नाथ पांडेय एवं संचालन उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विशाल सिंह ने हर वर्ग के लोगों को जोड़कर हिन्दू जागरण मंच को मजबूत करने की बात कही। अध्यक्ष द्वारा हिन्दू जागरण मंच के जिला महामंत्री हेतु सुधाकर उपाध्याय एवं बक्सर नगर के तीन उपाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, मनीष कुमार चौबे एवं मंत्री पद हेतु सूरज यादव के नाम की घोषणा की गई। अपनी अध्यक्षीय संबोधन में मंच के जिला अध्यक्ष यतीन्द्र ने कहा कि सनातन धर्म में विवाह एक जरूरी संस्कार है। सनातन में समलैंगिक शादी स्वीकार्य नहीं है बल्कि विवाह एक सुसंस्कृत संस्कार है। इसका मुख्य उदेश्य अपना वंश वृद्धि करना है, जो समलैंगिक शादी से सम्भव नहीं है। हिन्दू जागरण मंच के विधिक संयोजक बक्सर के वरिष्ठ प्रसिध्द अधिवक्ता रणविजय ओझा ने कहा कि समलैंगिक शादियां भारतीय परम्परा के अनुकूल नहीं हैं। हिंदू धर्म में मान्य विवाहों में इसका कोई जिक्र नहीं है बल्कि यह विकृत मानसिकता वाले पाश्चात्य संस्कृति की देन है। जिसका हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की कोई भी आवश्यकता नहीं जान पड़ती है। मौके पर सत्यम श्रीवास्तव, आकाश सोनी, ऋषभ श्रीवास्तव, अरुण कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### बगेन हत्याकांड में पुलिस ने एक को लिया हिरासत में, जल्द हो सकता है उद्भेदन

**ब्रह्मपुर।** शनिवार को अहले बगेन थाना क्षेत्र के भदवर बरूहा नहर मार्ग के किनारे खून से लथपथ एक युवक का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त भदवर अनुसूचित जाति बस्ती के मिश्रीलाल मुसहर के 38 वर्षीय पुत्र बड़क मुसहर के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव मिलने के 24 घंटे के अंदर ही इस मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस हत्याकांड में एक युवक को हिरासत में ले चुकी है। जिससे पूछताछ की जा रही है। जल्दी ही इस हत्याकांड का उद्भेदन हो सकता है। जानकारों की मानें तो मामला नशे के विवाद से जुड़ा हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। रविवार को एसपी मनीष कुमार बगेन पहुंच इस मामले की जांच किए। उन्होंने बगेन थानाध्यक्ष तथा मृतक के परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली है। पुलिस सूत्रों की मानें तो बहुत जल्द बड़क मुसहर हत्याकांड से पर्दा उठेगा। गौरतलब है कि कि शुक्रवार की रात बड़क मुसहर अपने घर से खाना खाने के बाद गायब हो गया था। अगले दिन उसका खून से लथपथ शव नहर किनारे से बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।



### मारपीट कर रुपए व चेन छिनने का आरोप

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी सुजीत कुमार सिंह ने इटाढ़ी पुलिस को आवेदन दे तीन नामजद समेत कुछ अज्ञातों पर उनके चार पहिया वाहन का शीशा तोड़ने तथा मारपीट कर 10 हजार रुपए नगद व सोने का चेन छिनने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि बीती रात वे अपने कुछ मित्रों के साथ इटाढ़ी थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। उधर से लौटने के दौरान खतिबा मोड़ पर पहले से एक बाइक पर सवार चार युवकों ने लूटपाट की नियत से उनकी गाड़ी रूकवानी चाही और नहीं रोकने पर पत्थर मार गाड़ी के आगे और पीछे का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद मैं डरकर अपने रिश्तेदार जमुआंव के मोहन सिंह के घर की तरफ गाड़ी लेकर जाने लगा। लेकिन वे लोग पीछा नहीं छोड़े और जमुआंव गांव में पहुंचते ही रिश्तेदारों के आने के पहले ही गाड़ी रूकवा मारपीट कर मेरे पॉकिट से 10 हजार रूपए नगद व सोने का चेन छिन लिए। सुजीत ने बताया है कि रिश्तेदारों के आने पर वे लोग भाग खड़े हुए। लेनिक मेरे रिश्तेदार द्वारा उन्हें पहचान लिया गया। उनकी पहचान उसी गांव के आकाश यादव पिता संटू यादव, गोलू यादव व संदीप यादव पिता रामजी प्रसाद तथा कुछ अज्ञात के रूप में हुई है। वैसे सूत्रों की मानें तो मामला आपसी विवाद का है। इस संबंध में इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमल नारायण पाण्डेय कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वाहन ओवर टेक करने के बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें मारपीट हुई है। दोनों पक्ष एक ही गांव के है।



## चोरी से बिजली जलाने के आरोप में 16 पर केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अभियान चलाकर में बिजली चोरी करते 16 लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ जुमार्ना लगाते हुए नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कोरानसराय के अर्जुन वर्मा, विजय कुमार, ओमप्रकाश सहित अन्य मानव बल को लेकर एक टीम गठित की गयी थी, जो ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव स्थित पश्चिम टोला में बिजली चोरी के खिलाफ डोर-टू-डोर अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार बिजली चोरी करते पकड़े गये आरोपियों में पश्चिम टोला चिलहरी के ददन चौधरी पर 17763 रुपये, सुरेंद्र राय पर 15293 रु., पप्पू राय पर 24089 रु., उत्तम राय पर 35084 रु., धर्मराज यादव पर 17763 रु., अरविंद राय पर 5087 रु., कमल रजक पर 17763 रु., विद्या चौबे पर 19232 रु., निर्मल राय पर 36213 रु., अंगद राय पर 48764 रु., मनोज सिंह पर 36213 रु., त्रिभुवन सिंह पर 37343 रु., परशुराम सिंह पर 26423 रु., विकास राय पर 27553 रु., हीरामुनि देवी पर 10044 रु. और हरेंद्र कुमार राय पर 6414 रु. का जुमार्ना लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बिजली विभाग के अधिकारियों की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। ओपी पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## डुमरांव अनुमंडल में तीन जगहों पर हुई अगलगी की घटनाएं मशरूम फार्म हाउस समेत लाखों रूपए की संपत्ति जली

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रविवार को अनुमंडल के अलग अलग जगहों पर हुई अगलगी की घटनाओं में एक मशरूम फार्म हाउस समेत लाखों की संपति जल गई है। दो जगहों पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड को बुलाना पड़ा। जानकारी के अनुसार सबसे बड़ी घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव में हुई है। स्थानीय निवासी सह योग प्रशिक्षक सुनील साझी के मशरूम के फार्म हाउस में अगलगी से मशरूम उत्पादन के लिए बनाई गई 14 झोपड़ियां, एक हजार बैग मशरूम, डिलीवरी पाइप, पंखा, कुर्सी समेत फार्म हाउस के अन्य सामान जल गए है। जबतक लोग कुछ समझ पाते तथा आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक पूरा फार्म हाउस धूं-धूं कर जल उठा था। बाद में पहुंची फायर वाहन ने इस पर काबू पाया। अगलगी की यह घटना दोपहर 12.30 बजे हुई। बताया जाता है कि फार्म हाउस के बगल में एक खेत में सरसों का डंठल रखा गया था। किसी शरारती तत्व ने उस डंठल में आग लगा दी। तेज पछिया हवा के कारण डंठल की चिंगारी से फार्म हाउस में आग पकड़ लिया।

बता दें कि इस फार्म हाउस का उदघाटन बड़े ही तामझाम के साथ तत्कालीन डीएम ने किया गया था। जानकारों का कहना है कि प्रत्येक झोपड़ी की कीमत 40 हजार रूपए थी। जबकि इस घटना में जले मशरूम तथा अन्य सामान भी लाखों रूपए मूल्य के थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस घटना में आठ से दस लाख की संपति जल गई है। पीड़ित ने अंचल कार्यालय में इस घटना की लिखित जानकारी दी है। इसके पहले कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगाव बैजू बाबा डेरा गांव के अनुज यादव, मंगरू यादव व गोविंद यादव की झोपड़िया भी आग की भेंट चढ़ गई है। जानकारी के अनुसार इस घटना में अनुज यादव का 30 हजार नगद समेत करीब दो लाख की संपति जली है। जबकि मंगरू व गोविंद को भी लाखों रूपए का नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना पर पहुंची फायर वाहन ने आग पर काबू पा इसे अन्य घरों में फैलने से बचा लिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी मायूश है। तीसरी घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ अनुसूचित जाति बस्ती की है। यहा संतोष राम की झोपड़ी में आग लगने से करीब 10 हजार की संपति जली है। एक ही दिन हुई अगलगी की तीन घटनाओं से लोगों में भय बना हुआ है।

## प्रतिभा का सम्मान: प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास करने वालें छात्रों को मेडल दे किया गया सम्मानित

# हमारे गांव तथा आस-पास में प्रतिभाओं की कमी नहीं : सोनू कुंवर

- डुमरी के संस्कृत शिक्षण केन्द्र में सम्मान समारोह आयोजित

**केटी न्यूज/सिमरी**




प्रखंड के डुमरी गांव में रविवार को एक समारोह आयोजित कर प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास करने वालें छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृत शिक्षण केन्द्र डुमरी में आयोजित हुआ था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सह इलाके के चर्चित केमेस्ट्रि टीचर सोनू कुंवर ने अपने हाथों मैट्रिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे गांव तथा आस पास में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें तराशने तथा प्रोत्साहित करने की। उन्होंने इस सम्मान समारोह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सम्मान मिलने के बाद छात्रों में और बेहतर करने की ललक जगेगी तथा आगे की परीक्षाओं में वे और बेहतर अंक ला सकते है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमेशा सकारात्मक सोंच रखनी चाहिए तथा परिश्रम व मेधा का उपयोग सही दिशा में करनी चाहिए। इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में 456 अंक लाने वाले नीतीश कुमार, 419 अंक लाने वाली पूजा कुमारी, 413 अंक लाने वाले विशाल कुमार समेत प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने वाले आयुष कुमार, वर्षा कुमारी, निक्की कुमारी, प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, नंदिनी कुमारी को मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बता दें कि संस्कृत शिक्षण केन्द्र डुमरी द्वारा प्रत्येक साल मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी लाने वाले छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्द्धन किया जाता है। इस बार कुल 9 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर केन्द्र के संचालक तथा संस्कृत शिक्षक रंजन कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ संस्कार ग्रहण करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के अध्ययन के बिना संस्कृति नहीं आती है। उन्होंने इसे देव भाषा बताते हुए छात्रों से पूरे मन से इसका अध्ययन करने को कहा। वही सम्मान पाने वाले छात्रों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। छात्रों ने कहा कि इस पुरस्कार के बाद उनका मनोबल काफी बढ़ गया है। छात्रों ने कहा उन्हें सबसे अधिक इस बात की खुशी है कि अपने गांव में तथा अपने शिक्षकों के हाथों सम्मानित होने का मौका मिला है। मौके पर कमलेश पांडेय, बिनोद बहार, धोनी कुंवर, रत्नेश चौबे, नवीन नीतेश समेत कई अन्य गणमान्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

CMYK

# भाजपा का महाभियान : लोकसभा व विधानसभा स्तर पर होंगे वृहद कार्यक्रम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में स्थापित सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तेज गति से देश का सर्वांगीण विकास करने के लिए अग्रसर है। पिछले नौ साल के कार्यकाल में देश जिस ऊंचाई को छूने कि ओर तेज गति से बढ़ रहा है। निश्चित ही देश विश्व शिखर पर शीघ्र स्थापित होगा। यह बात काशी क्षेत्र के नव नियुक्त भाजपा अध्यक्ष दीलिप पटेल ने नगर के वंशी बाजार स्थित रायल पैलेस में आयोजित जिला कार्यसमिति बैठक मे कही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार नौ वर्ष का कार्यकाल जन कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि 29 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्रीतत्व



कार्यकाल का नौ वर्ष पूर्ण हो रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 1जून से 30 जून तक पार्टी द्वारा निर्धारित महाभियान में एक एक कार्यकर्ता को समर्पित रूप से लग कर देश और प्रदेश के विकास मानक और जन कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संगठन शक्ति को मजबूत करना है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के इस अभियान का क्रियान्वयन लोकसभा स्तर पर होगा। जिसमें विशाल जनसभा, प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, सोशल मीडिया मीट तथा विकास तीर्थ जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बैठक कि कार्ययोजना तथा प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सामाजिक और भौगोलिक विसंगतियों के बीच भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व लगातार समाज के कमजोर से कमजोर व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर सम्मान प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के लगातार नौ वर्ष तथा दूसरे कार्यकाल का महत्वपूर्ण चार वर्ष पूर्ण होने पर आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के योजना रचना के विषयांतर्गत आयोजित यह कार्यसमिति बैठक के बाद तीन दिनों 22,23 और 24 मई में जिले के सभी 34 मंडलों कि कार्यसमिति आयोजित कि जाएगी।

जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने धन्यवाद आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि महाभियान के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने का कार्य छुट न जाए इसका प्रयास एक एक कार्यकर्ता का होना चाहिए। लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने 30 मई से 30 जून तक के बीच लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने वृत्त निवेदन किया। तथा जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय ने पिछले कार्यसमिति बैठक के बाद मृत भाजपा कार्यकताओं के सम्मान में प्रस्ताव रखते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। सत्र समापन महामंत्री ओमप्रकाश राय ने किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एवं संचालन अवधेश राजभर ने किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

## हर्ष फायरिंग में दो युवक जख्मी, ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

**बलिया।** सहतवार थाना क्षेत्र के महादनपुर गांव में शनिवार की रात हर्ष फायरिंग में गोली लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया, जहां ट्रामा सेंटर में दोनों का इलाज चल रहा है। बता दें कि सहतवार थाना क्षेत्र के महादनपुर गांव निवासी सती राम की लड़की की बारात शनिवार की रात आई हुई थी। जिसमें महादनपुर निवासी राकेश यादव एवं दीपक यादव गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो द्वारपूजा के दौरान राकेश कट्टे से हर्ष फायरिंग कर रहा था। तभी गोली कट्टे में फस गई। इसके बाद दोनों गोली को कट्टे से निकाल रहे थे, तभी अचानक गोली चल गयी जो राकेश के हाथ और दीपक के पेट में जाकर लग गई। जिसके पास अफरा तफरी मच गई। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। जहां दोनों का इलाज ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है। इस बाबत सहतवार थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि घायल युवक की माता ने तहरीर दिया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दीवानी न्यायालय, मऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

# कुल 38585 मामलों का हुआ निस्तारण, 64951081 रुपये जुर्माना कराया गया जमा

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में रविवार को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन का किया गया। इसमें विभिन्न प्रकृति के कुल 38585 मामलों का निस्तारण करते हुए 64951081 रुपये का जुर्माना जमा कराया गया। वहीं कुल 13437915 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी जारी हुआ।

माननीय जनपद न्यायाधीश 08 मामलों का निस्तारण किया। न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा में 40 मामलों का निस्तारण किया। साथ ही, 16156000 रुपए की क्षतिपूर्ति पीड़ितों को दिलायी गयी। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय 23 वादों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय प्रथम एवं परिवार न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 55 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम ने 03 मामले का निस्तारण किया। पॉक्सो कोर्ट द्वारा 28 मामलों





- जिला जज ने मोटर दुर्घटना दावा में 40 मामलों का कराया निस्तारण
- पीड़ितों को दिलाई गई 16156000 रुपए की क्षतिपूर्ति

का निस्तारण करते हुए 14000 रुपए का अर्थदंड जमा कराया। अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-4 ने 115 विद्युत सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 2650 मामलों का निस्तारण करते हुए 1262680 रुपए का अर्थदंड जमा कराया गया।

सिविल जज सीनियर डिवीजन ने 285 मामलों का निस्तारण करते हुए 11966576 रुपए की धनराशि जमा करायी गयी। सिविल जज सिडि/एफटीसी द्वारा 321 मामलों के निस्तारण किया गया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मधुबन ने कुल 70 मामलों का निस्तारण किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट,मऊ ने 556 मामलों का निस्तारण किया तथा 145890 रुपए का अर्थदंड जमा कराया। सिविल जज जूडि मुहम्मदाबाद गोहना ने 95 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जूडि एफटीसी महिला उत्पीड़न ने कुल 26 मामलों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 86 मामलों का निस्तारण किया। स्थायी लोक अदालत,मऊ ने 02 मामलों का निस्तारण किया, वहीं उपभोक्ता फोरम द्वारा 04 मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा 339 मामलों में निस्तारण किया एवं रु0 32750298 बकाया राशि प्राप्त की। राजस्व न्यायालय द्वारा 33006 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया गया। बीएसएनएल ने कुल 27 वादों का निस्तारण किया 77559 रुपए की बकाया राशि प्राप्त की। श्रम विभाग एवं मनरेगा द्वारा 171 मामलों का निस्तारण किया एवं नगर पालिका द्वारा 229 मामलों का निस्तारित किये गये।

## बलात्कार के मामले में युवक को दस साल की सजा, 12000 का अर्थदंड

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के खानपुर थाने के एक गांव की रहने वाली युवती संग बलात्कार करने वाले उसकी मां के ममेरे भाई को जिला जज संजय कुमार ने छह गवाहों की गवाही व तमाम दलीलों को सुनने के बाद दोषी मानते हुए धारा 366 में पांच साल सश्रम कारावास और 2000 रुपये का जुमार्ना और उसे न भरने पर एक माह की अतिरिक्त सजा के अलावा दुष्कर्म के मामले में 10 साल की सजा व 10 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सजा का आदेश दिया।

अक्टूबर 2018 में खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने थाने में तहरीर दिया था। जिसमें अपने ममेरे भाई वाराणसी चोलापुर के शिवरामपुर निवासी अखिलेश चौहान पर आरोप लगाया कि वह उसकी बेटी को लेकर भाग गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ था। बताया कि उसकी बेटी स्कूल गई थी और फिर वापस नहीं आई तो उसने पता किया। इसके बाद पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। इस मामले में पांच साल तक चले मुकदमे के बाद जिला जज संजय कुमार की अदालत ने आरोपी को दुष्कर्म का दोषी माना और 10 साल की जेल व 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 366 में पांच साल का सश्रम कारावास व 2000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## आम तोड़ रहे अधेड़ की पेड़ से गिरकर मौत

**गाजीपुर।** नंदगज थाना क्षेत्र के ढेलवा गांव में देर शाम आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बता दें कि ढेलवा गांव निवासी मुन्ना राम (46) घर से 500 मीटर की दूरी पर बगीचे में आम तोड़ रहे थे कि अचानक पेड़ की डाली टूट गई। जिससे वह जमीन पर गिर गए और बुरी तरह घायल हो गए। आस-पास के लोग घायलावस्था में जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही मुन्ना राम की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक घर पर रहकर खेती बारी का काम करता था।म ृतक के दो लड़के और दो लड़की है। पत्नी उमरावती देवी का रो -रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पाल ने बताया कि परिजनों ने पेड़ से गिरकर मौत होने की तहरीर दी है।

## मुख्तार अंसारी के शूटर अंगद राय उर्फ झुल्लन की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्तार अंसारी व उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार प्रशासन की कार्रवाई तेज है। इसके तहत रविवार को भांवरकोल पुलिस ने गैंग सरगना मुख्तार अंसारी के गैंग के सदस्य अंगद राय उर्फ झुल्लन के सहयोगी हरिनारायण सिंह यादव तथा अपने ड्राइवर निरंजन प्रसाद यादव की लगभग 10 करोड़ की अचल बेनामी संपत्ति कुर्क की है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक/विवेचक सत्येंद्र राय द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा की गई संस्तुति पर डीएम आर्यका अखौरी के आदेश के अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अपराधी शेरपुर कलां निवासी अंगद राय उर्फ झुल्लन राय का सहयोगी हरिनारायण सिंह यादव निवासी शेरपुर खुर्द तथा मुहम्मदाबाद के लालूपुर निवासी ड्राइवर निरंजन प्रसाद यादव की मौजा चकरसीद जफरपूरा शहरी तहसील मोहम्मदाबाद आराजी संख्या 688 /1 रकबा 0. 196 हेक्टेयर यानी 1960 वर्ग मीटरभूमि गैंग की करीब दस करोड़ की अचल बेनामी संपत्ति कुर्क किया है।



**मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर मामले में 13 जून को आ सकता है फैसला:** एमपी/एमएलए कोर्ट में माफिया मुख्तार अंसारी पर चल रहे गैंगस्टर के मामले में आने वाला फैसला टल गया है। एमपी/एमएलए कोर्ट में मुख्तार अंसारी पर चल रहे गैंगस्टर मामले का फैसला अब 13 जून को आने की उम्मीद है। कोर्ट ने इस मामले में 13 जून को अगली तिथि तय की है। एमपी /एमएलए कोर्ट में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर का मामला विचाराधीन है। बता दें की वर्ष 2010 में गाजीपुर के करंडा थाने में मुख्तार पर गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ था। गैंग चार्ट में कपिल देव सिंह हत्याकांड और मीर हसन पर हमले का मामला शामिल है।

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख व विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार द्वारा टैबलेट पाकर खुश हुए छात्र

# भाजपा सरकार घोषणा पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने में जुटी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर गांव स्थित ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में रविवार को युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से टैबलेट के वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल एवं विशिष्ट अतिथि सेवराई नायब तहसीलदार कौशल चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान



कुल 24 छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। जिसे पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कहा कि छात्र ही देश के भविष्य हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार छात्रों को डिजिटल तरीके से दक्ष बनाने व उन्हें जागरूक करने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार घोषणा पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने में जुटी है।

सेवराई के नायब तहसीलदार कौशल चौरसिया ने कहा कि टैबलेट के माध्यम से छात्रों को पठन-पाठन में सहयोग मिलेगा। कहा कि आज का युग तकनीकी युग है। तकनीकी साधनों से दी गई शिक्षा सीखने को अधिक स्थायी बनाने में मदद करती है। तकनीकी उपकरणों के साथ दी गई शिक्षा की गुणवत्ता छात्रों के दृष्टिकोण और इन उपकरणों के बारे में ज्ञान से निर्धारित होती है। वर्तमान अध्ययन में, इसका उद्देश्य कक्षाओं में स्मार्टबोर्ड के उपयोग के बारे में पूर्व-सेवा शिक्षकों के विचारों को प्रकट करना था। कहा कि हमारे देश के भविष्य कहे जाने वाले छात्र- छात्राएं जिनके उपर समाज एवं देश को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की बडी जिम्मेदारी है। वह इस टैबलेट का उपयोग अपनी शिक्षा के लिए करें। इस टैबलेट में बच्चों को कैसे पढ़ाना है, किन गतिविधियों को कराना है, जैसी जानकारियां भी होंगी। जहां नेटवर्क की सुविधा नहीं है, वहां आफलाइन माध्यम से भी टैबलेट के जरिए पढ़ाने की सुविधा दी जाएगी। इन टैबलेट का उपयोग प्रोजेक्टर के लिए भी किया जा सकेगा।उन्होंने इस दौरान छात्र- छात्राओं के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। इस अवसर पर ग्रामीण औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य न्यासी ज्ञानेंद्र कुमार राय, मदनलाल, प्रबंधक राजेश कुमार राय, प्रिंसिपल राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जेएनसीयू ने क्षय रोगियों को गोद लिया

**बलिया।** क्षय रोग मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशिका डॉ.पुष्पा मिश्रा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग द्वारा बेरुआरबारी ब्लॉक के अपायल गांव में 2 क्षय रोगियों को गोद लिया गया। बेरुआरबारी ब्लॉक के चिकित्सक डॉ. अजय प्रताप, अपायल के हेल्थ वेलनेस सेंटर की सीएचओ डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका इलाज संभव है। इसे ठीक होने में 6 से 8 माह का समय लगता है लेकिन मरीज पूर्णतः ठीक हो जाता है।सामूहिक भागीदारी से टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। समाज कार्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा टी.बी. को 2025 तक जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया गया है। इस क्रम में डॉ. पुष्पा मिश्रा, निदेशक, शैक्षणिक और डॉ. रूबी, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज कार्य द्वारा 1-1 क्षय रोगी को गोद लिया गया और उन्हें 'पोषण पोटली' प्रदान की गई जिसमें प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री थी। इस अवसर पर आशा कार्यकर्त्री उर्मिला वर्मा तथा समाज कार्य विभाग के छात्रगण प्रदीप गुप्ता, सोनी यादव, गौरव राय, अमन गुप्ता एव हरीश यादव उपस्थित रहे।



### अनशन पर बैठे चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी

बलिया। नगर पंचायत चितबड़ागांव के निकाय चुनाव के बाद हुई मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए हारे हुए प्रत्याशी नगर पंचायत कार्यालय परिसर के बाहर तीन दिवसीय क्रमिक अनशन पर बैठे गए। नगर पंचायत चितबड़ागांव में हुए चुनाव के बाद मतगणना के दिन प्रत्याशियों ने मतगणना में प्रशासन पर धांधली का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस ने भीड़ तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इधर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी बृज कुमार सिंह तथा चेयरमैन प्रत्याशी राजू सिंह डब्बू ने प्रशासन पर धांधली का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी को सत्ता के दबाव में फर्जी तरीके से जीत दिलाने का आरोप लगाया है। धरने पर बैठे वृज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से शुरू है। तीन दिवसीय क्रमिक अनशन के उपरांत आंदोलन की अगली रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सील टूटी मत पेटियों की जबरन गिनती करायी गयी। लाठी चार्ज करके एजेंटो तथा प्रत्याशियों को भगा दिया गया और आनन-फानन में भाजपा प्रत्याशी को जीत दिला दी गई। प्रशासन द्वारा की गई धांधली के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी।



### यहां न जाति है और न धर्म, सब एक समान

**बलिया।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू की अध्यक्षता में जिराबस्ती स्थित पार्टी कार्यालय पर रविवार को संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी विजय बहादुर दुबे उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम गीत के साथ की गयी। कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय बहादुर दूबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है यहां ना जाति है ना धर्म है सब एक समान है। राष्ट्र सर्वोपरि है। जाति-पाति से ऊपर उठकर भाव ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। यही कारण है कि हम सबका साथ सबका विकास और विश्वास के मूल मन्त्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। देश के लोकप्रिय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की सभी जनकल्याणकारी योजनायें सीधे धरातल पर आम जनमानस के बीच बिना किसी जाति धर्म मजहब के बिना भेदभाव के पहुंच रही हैं। सभी वर्गों का विकास, सबका कल्याण हो रहा है। हमारी पहचान सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता के रूप में होनी चाहिए। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि हमें लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क महाअभियान अंतर्गत सरकार की रीतियों नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों को विस्तार से चर्चा करते हुए जानकारी दी। बताया कि एक जून से लेकर बीस जून तक लोकसभा स्तरीय कार्यक्रम होंगे। इसमें सलेमपुर लोक सभा के बेल्थरा रोड विधानसभा तथा बलिया लोक सभा के बलिया नगर विधानसभा में एक जनसभा होना है। इसके अलावा प्रबुद्ध व व्यापारी वर्ग का सम्मेलन होना है। लोक सभा क्षेत्र में कराए गए कार्य का अवलोकन कर लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी।



### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों ने ली शपथ

**बलिया।** दुबहड़ के अड़रा-घोड़हरा स्थित एसजी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन दुबहर ब्लॉक इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के बाद शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र ने कहा कि मैं सबसे पहले दुबहर ब्लॉक के पत्रकारों का अभिनंदन और वंदन करना हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मंगल पांडेय के गांव-क्षेत्र में आकर मुझे पत्रकारों को संबोधित करने का मौका मिला है। भारतीय लोकतंत्र में पत्रकारिता को आम लोगों, आम समाज एवं जन सामान्य के प्रति उत्तरदाई एवं इमानदार होनी चाहिए। पत्रकारों को सत्ता के प्रति कभी भी उत्तरदायी नहीं होना चाहिए। कहा कि पत्रकारिता को न तो जीविका का साधन और ना ही व्यवसाय बनाना चाहिए। सच्ची एवं कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारिता से समाज के आम एवं गणमान्य लोगों द्वारा जो सम्मान मिलता है, वही पत्रकारिता की असली पूंजी है। मौके पर संरक्षक केके पाठक, जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नपूणार्नंद तिवारी, संगठन मंत्री रमेशचंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष कुलदीप दुबे, महामंत्री नीतेश पाठक, कोषाध्यक्ष त्रयंबक पांडेय, मीडिया प्रभारी संदीप गुप्ता, श्यामजी शर्मा, तिलक कुमार, इमरान खान, सुनील सेन दादा, अजय पांडेय, बब्बन विद्यार्थी, प्रभाकर सिंह, प्रधान मंडल संघ अध्यक्ष विमल पाठक, गंगासागर मिश्रा व अन्य मौजूद रहे।



### नाबालिग को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**बलिया।** नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भागने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। पुलिस पिता ने तहरीर में लिखा है कि 12 मई की शाम करीब आठ बजे के आस पास उसकी नाबालिग पुत्री घर से बाहर शौच के लिए गई थी, जिसे गांव का ही एक युवक (नामजद) बहला फुसला कर कही गायब कर दिया है। युवक के परिजनों से पूछताछ करने पर वह गाली गलौज कर रहे है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी नाबालिक पुत्री को गायब करने में गांव का एक अन्य युवक भी शामिल है। पीड़ित पिता ने आशंका जाहिर किया है की कही उपरोक्त लोगो द्वारा उनकी पुत्री के साथ कोई संगीन अपराध न कर दिया जाय। हालांकि मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। इस बाबत पूछे जाने पर कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।